ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 14-06-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-06-14 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-06-15	2022-06-16	2022-06-17	2022-06-18	2022-06-19
वर्षा (मिमी)	0.0	5.0	20.0	15.0	5.0
अधिकतम तापमान(से.)	31.0	30.0	28.0	25.0	24.0
न्यूनतम तापमान(से.)	16.0	16.0	15.0	14.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	55	60	70	75
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	35	35	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	13.7	12.8	11.2	11.0	10.4
पवन दिशा (डिग्री)	270	70	70	70	250
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	2	5	4	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 24.0 से 31.0 व 14.0 से 16.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 10.0-14.0 किमी/ घंटे की गति से पश्चिम, पूर्व-उत्तर-पूर्व व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 19 से 25 जून के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम व न्यूनतम तापमान समान्य रहने का अनुमान हैं। चेतावनीः 15 जून को कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने/तीव्र बौछारें और तेज हवा/आंधी (50-60 किमी प्रति घंटे से 70 किमी प्रति घंटे की गति) तथा 16 व 17 जून को कहीं-कहीं पर भारी वर्षा के साथ तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटे) चलने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं)ओं और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं से डाउनलोड किया जा सकता है| अत्यधिक गर्मी में, फलों को झड़ने से बचाने हेतु भूमि में नमी को संरक्षित रखने हेतु फल पौधों के थालों में पलवार का प्रयोग करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। किसान भाई रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	सिंचित दशा मे रोपाई का कार्य घाटी व कम ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में, माह के द्वितीय पखवाड़े में पूर्ण कर लें।
मक्का	निचले पर्वतीय क्षेत्रों में मक्का फसल की बुवाई पूर्ण करें।
अरहर (लाल चना/अरहर)	पिछले माह बोई गई अरहर की फसल में 20-25 दिन की अवस्था पर विरलीकरण करें तथा यथा समय निराई-गुड़ाई कर खरपतवार भी निकाल लें।
काला चना	पर्वतीय घाटी वाले क्षेत्रों में फसल की बुवाई माह के द्वितीय पखवाड़े में करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
लीची	लीची में फलों के फटने से बचाव हेतु पानी का छिड़काव करें और उचित रंग आने पर फलों को तोड़ने के उपरांत विपणन की व्यवस्था करें।
आड़ू	आड़ू, प्लम, खुमानी की अगेती किस्मों की तुड़ाई जारी रखें। गुठलीदार फलों को मण्डी भेजे।
टमाटर	टमाटर में फल बेधक का प्रकोप होने पर, क्लोरान्ट्रा निलिप्रोले 18.5 एस0सी0, 150मि0ली0/है0 के छिड़काव के तीन दिन बाद या इन्डोक्साकार्ज 14.5 एस0सी0, 500मि0ली0/है0 की दर से छिड़काव के पाँच दिन बाद ही फल का उपयोग करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें|

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं को टिटनेस, इंन्ट्रो टॉक्सिमिया तथा गलघोंटूघों टूके टीके लगवायें। अधिक गर्मी के कारण पशु ज्यादा चारा नहीं खाता, अतः उसे इस महीने दाने की मात्रा बढ़ाकर दें तथा खनिज मिश्रण लगभग 50 ग्राम प्रतिदिन देते रहने से प्रजनन प्रभावित नहीं होता है।
भेंस	दो से चार माह के उम्र के पशुओं को लंगड़ी बुखार का टीकाकरण करवाना चाहिए।